दिनांक : 29.11.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

प्रादेशिक समाचार

मुख्यमंत्री जर्मनी

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान, प्रदेश में निवेश और उद्योगों के लिए संभावनाओं की तलाश करने के उद्देश्य से आज भी कई कार्यक्रमों में भाग ले रहे हैं। मुख्यमंत्री आज स्टटगार्ट में लैप ग्रुप फैसिलिटी के आंद्रियास लैप, मैथियास लैप, हुबर्टस ब्रेयर के साथ लैप स्टटगार्ट फैक्ट्री का दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में निवेश के अवसरों पर राउंड टेबल बैठक में चुनिंदा उद्योग समूहों के सीईओ से चर्चा करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव फ्रैंकफर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे।

मुख्यमंत्री ने अपनी यात्रा के दौरान कहा कि भारत और जर्मनी के बीच हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं...और जर्मनी से प्रत्येक सेक्टर में अनेक प्रस्ताव मिले हैं। प्रदेश में एग्रीकल्चर, एआई, हेल्थ, एजुकेशन, नई तकनीक और हैवी इंडस्ट्रीज सहित अन्य सभी क्षेत्रों में निवेश के लिए अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

संसद-स्थगित

संसद के दोनों सदनों में आज शीतकालीन सत्र के लगातार चौथे दिन भी व्यवधान जारी रहा। एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वत के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के विरोध के कारण राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

लोकसभा में दोपहर बारह बजे दोबारा कार्यवाही शुरू होते ही, कांग्रेस,

डी.एम.के., समाजवादी पार्टी और अन्य विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रश्नकाल सुचारू रूप से चलने देने की अध्यक्ष ओम बिरला की अपील के बावजूद हंगामा जारी रहा। उन्होंने व्यवधान पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जनता चाहती है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले। शोर-शराबे के बीच अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

प्रधानमंत्री-अमितशाह सम्मेलन

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भुबनेश्वर में आज पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

तीन दिवसीय सम्मेलन में आंतरिक सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम मेधा और ड्रोन हमले जैसी उभरती चुनौतियों पर विमर्श होगा। आतंकवाद से निपटने पर भी चर्चा होगी। इस दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

यह सम्मेलन वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और आंतरिक सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए मंच प्रदान करता है।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जल्द ही स्नातक छात्रों के लिए डिग्री पाठ्यक्रमों की अवधि कम करने या उसे बढ़ाने का विकल्प प्रदान करेगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने त्वरित और विस्तारित डिग्री कार्यक्रम के लिए मानक प्रचालन प्रक्रियाओं को मंजूरी दे दी है। आयोग के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने मीडिया को बताया कि त्वरित डिग्री कार्यक्रम से छात्रों को प्रति सेमेस्टर अतिरिक्त क्रेडिट अर्जित करके कम समय में तीन साल या चार साल की डिग्री हासिल कर सकेंगे।

हम होंगे कामयाब

प्रदेश में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये 'हम होंगे कामयाब' जागरूकता अभियान के अंतर्गत 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी छिन्दवाड़ा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधियों का कैलेण्डर तैयार किया गया है, जिसके अनुसार सोशल मीडिया अभियान के अंतर्गत महिलाओं के अधिकारों हेल्पलाईन और She-Box पोर्टल के बारे में जागरूकता फैलाने के लिये आकर्षक सामग्री दी जा रही है। इसी तरह गुना में नारे लेखन, जागरूकता रैली के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। राघौगढ़ में नारे लेखन और ग्राम रूठियाई में रैली का आयोजन किया गया।

कुछ समाचार संक्षेप में ....

- छिंदवाड़ा में स्कूलों में जाकर गीता कॉन्टेस्ट के विषय में जानकारी दी जा रही है। मुख्यमंत्री वह इस्कॉन मंदिर उज्जैन द्वारा गीता कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया है।
- सतना जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर सतना द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधितों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।
- शिवपुरी जिला मुख्यालय पर स्थित शासकीय आईटीआई केंद्र पर कल अप्रेन्टिसशिप रोजगार मेला लगाया गया। इस मेले का का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।